

नवभारत
इंदौर, सोमवार, 15 सितंबर, 2025



## एक नजर में

### देलीशा खान भारतीय डॉजबॉल टीम में चयनित, जापान में करेंगे प्रतिनिधित्व



**नीमच।** एशियाई डॉजबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में नीमच की प्रतिभाशाली खिलाड़ी देलीशा खान पिता तोषी मुजम्मिल खान को शामिल किया गया है। यह चैंपियनशिप 26 से 29 सितंबर तक जापान के शहर चिबा में होगी। देलीशा खान कार्मेल कान्वेंन्ट स्कूल नीमच की कक्षा 11 की छात्रा हैं। 13 जुलाई को मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित चयन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली। डॉजबॉल एसोसिएशन के सदस्यों ने इस उपलब्धि पर देलीशा खान को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसोसिएशन ने कहा, कि देलीशा का भारतीय टीम में चयन न केवल उनके लिए बल्कि पूरे नीमच के लिए गर्व क्षण है।

### घायल जरख को वन विभाग टीम ने पकड़ा, उपचार के बाद छोड़ा



**जावद।** नगर अठाना मार्ग पर मर्गा बाग मंदिर क्षेत्र में रविवार को जहां पर पानी में घायल जरख ( लकड़बग्घा ) दिखाई दिया। जिसकी सूचना पर पुलिस ओर वन विभाग की टीम ने पहुचकर सडक से होकर आवाजाही कर रहे लोगो को रोका गया बाद जरख का रेस्क्यू किया। इस दौरान जरख को देखने के लिए काफी ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जावद वन विभाग डिप्टी रेंजर चम्पालाल गायरी ने बताया की जावद के अठाना मार्ग की ओर मर्गा बाग मंदिर क्षेत्र में बरसात के पानी में एक जरख दिखाई देने की सूचना मिली थी। जिस पर नीमच वनमण्डलाधिकारी एसके अटोदे एवं उपवनमण्डलाधिकारी दशरथ अखण्ड के मार्गदर्शन में जावद वनपरिक्षेत्र अधिकारी विपुल प्रभात करोरिया, जावद तहसीलदार जावद नवीन गर्ग एवं जावद थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में जावद के अठाना मार्ग की ओर मर्गा बाग मंदिर क्षेत्र में पटवारी, पुलिस ओर वन विभाग की टीम ने पहुचकर पानी में झाड़ियों में जरख दिखाई दिया जिस पर उसको वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर घायल जरख को पकडकर पिंजरे में बंद करके जावद पशु चिकित्सालय ले गए ओर प्राथमिक उपचार बाद जंगल ले जाया गया जहां पर उसको पिंजरे में से छोड़ा गया हैं।

### धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में नैतिक संस्कार प्रथम आधार बनते हैं : साध्वी सौम्य दर्शना श्री जी

**नीमच।** धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कार के प्रति नई जागृति आती है। बच्चे जो बचपन से धर्म की शिक्षा को ग्रहण करते हैं वहीं शिक्षा आगे चलकर बच्चों का जीवन संस्कारवान बनाने में सहायक बनती है। धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में नैतिक शिक्षा का प्रमुख आधार बनते हैं। यह बात साध्वी सौम्य दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहीं। वे श्री जैन श्वेतांबर महावीर जिनालय ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति विकास नगर के तत्वाधान में साध्वी सौम्य प्रभा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 4के चातुर्मास में आयोजित धर्म सभा में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन में यदि आगे बढ़ना है तो किसी भी प्राणी मात्र से बैरभाव नहीं रखना चाहिए। सभी प्राणियों से मैत्री भाव का मानवीय गुण होना चाहिए तभी हमारे धर्म के संस्कार के गुण आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर पंजाब केसरी विजय वल्लभ सुरीश्वर जी महाराज साहब की समुदाय वर्तनी, श्रुत भास्कर आचार्य धर्म धुरंधर सुरीश्वर जी महाराज साहब की आज्ञानुवर्तनी शासन दीपिका सुमंगला श्री जी महाराज साहब की शिष्या शासन प्रभाविका साध्वी सौम्य प्रभा साध्वी सोम्य दर्शना साध्वी अक्षय दर्शना साध्वी परम दर्शना श्रीजी महाराज साहब का सानिध्य मिला। इस अवसर पर विभिन्न तपस्वियों की अनुमोदना की गई।चातुर्मास धर्म सभा में महावीर जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया ,चातुर्मास समिति संयोजक राजमल छाजेड़, सचिव राजेंद्र बंबोरिया , राहुल जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### थैलेसीमिया-सिकल सेल मरीजों के लिए लगा कैंप



**नीमच।** नीमच में टाउन हॉल में अन्नपूर्णा सेवा न्यास और थैलेसीमिया जन जागरण समिति समेत थैलासीमिया वेलफेयर सोसाइटी ने दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में दूसरे दिन रविवार को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और अहमदाबाद के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। शिविर में 180 बच्चों की नि:शुल्क जांच की गई। अन्नपूर्णा सेवा न्यास के राकेश पप्पू जैन ने बताया कि सभी बच्चों के सैंपल जर्मनी भेजे जाएंगे। सात दिन में रिपोर्ट आने के बाद जरूरतमंद बच्चों का ऑपरेशन भी न्यास की ओर से मुफ्त कराया जाएगा। शिविर में बच्चों के लिए रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई। रविवार को आयोजित विशेष ओपीडी में सिकल सेल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मरीज बच्चों और उनके माता-पिता को परामर्श दिया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों को मार्गदर्शन और चिकित्सा सलाह दी। इस पहल से नीमच और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिला।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अलीम शेख आज नीमच में

**नीमच।** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अलीम शेख मन्दसौर विधायक विपिन जैन पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तरुण बाहेती पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता समंदर पटेल,सत्यनारायण पाटीदार,मंगेश संघई युवा नेता सोमील नाहटा,मन्दसौर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महामंत्री अशरफ मेव गुड्डू, यजधानी खान जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदि कांग्रेस नेता कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

# पहले आप हिन्दी पर गर्व कीजिए दुनिया अपने आप करने लगेगी

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नीमच में हिन्दी दिवस का आयोजन



**नीमच।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में हिन्दी दिवस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने अध्यक्षीय उद्बोधन से सदन को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी हमारी आन बान शान है। हिन्दी की विशेषता बताते हुए उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता के रूप डॉ. सुरेंद्र सिंह शक्तावत ने कहा कि हिन्दी को लोकप्रिय बनाने और जन जन की भाषा बनाने में बालीवुड सिनेमा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है । हिन्दी को सम्मान देने का काम हमें स्वयं अपने घर से करना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपने हस्ताक्षर हिन्दी में करने चाहिए। विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जन भागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री विश्वदेव जी शर्मा ने हिन्दी के वर्णों की संख्या बताते हुए कहा कि हिंदी में 52 वर्ण है अन्य भाषाओं के वर्णों में सबसे भारी है। उन्होंने कहा कि - हिन्दी के वर्ण %अ% से अनपढ़ से शुरू होकर %ज्ञ% से ज्ञानी बनाकर छोड़ती है। यही हमारी हिन्दी की विशेषता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संजय जोशी ने इस अवसर पर कहा कि जब तक हम हिन्दुस्तानी हिन्दी का सम्मान नहीं करेंगे तब तक दुनिया नहीं करने वाली। पहले आप हिन्दी पर गर्व कीजिए दुनिया अपने आप करने लगेगी।आपने कहा कि मातृभाषा राष्ट्रीय एकता, अपनत्व, और देश प्रेम को बढ़ाती है और राष्ट्र की ताकत बढ़ाती है ।

डॉ.सी.पी.पंवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि बाबा तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना कर हिन्दी को घर घर में जीवंत रखा। हिन्दी भारत की अस्मिता है हिन्दी भारत की पहचान है । इस अवसर पर कला संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ. प्रभावती भावसार एवं एबीवीपी नगर मंत्री नितेश गुर्जर भी मंचासीन थे। इस अवसर डॉ. बी.के. अम्ब, डॉ. यादवेंद्र सिंह सोलंकी, श्री संजीव थोरेचा, डॉ. असरार अंसारी, डॉ. दीपिका जैन, डॉ. नवीन सक्सेना, डॉ. आयरिस रामनानी, डॉ. रेखा साहू, डॉ. चंचल जैन, प्रो. पुष्पकांत भटनागर, प्रो. जितेंद्र कुमार परिहार, प्रो. गौतम मेघवाल, प्रो. संजय पवार, प्रो. मृणाल सिंह शक्तावत, प्रो. पूजा सेन, प्रो. मीनल नागदा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार पाटीदार ने किया व आभार प्रो. कल्याण सिंह वसुनिया ने माना।




## शहर में रोटरी क्लब ऑफ नीमच कैंट ने किया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### *2 घंटे में 150 लोगों की रक्त और हृदय की हुई जांच*

**नीमच।** नीमच में रोटरी क्लब ऑफ नीमच केंट द्वारा टीचर कॉलोनी में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को शिविर में विशेष रूप से रक्त और ईसीजी जांच की गई। सुबह 8 बजे से शुरू हुए शिविर में भारी भीड़ रही। मात्र दो घंटे में ही 150 से अधिक लोगों ने अपनी जांच करवाई। डॉक्टर गौरव अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को हृदय रोगों और उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी।

क्लब अध्यक्ष आशीष दरक ने कहा कि बढ़ते हृदयघात के मामलों को देखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया। उनका कहना था कि लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए जागरूक करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। युवाओं में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए ईसीजी जांच को भी शामिल किया गया। शिविर अखिल भारतीय रेड क्रॉस और मंदसौर से आए डॉक्टरों दल के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य सभी नागरिकों को स्वस्थ रखना और समय पर हृदय संबंधी समस्याओं का पता लगाना था।

## हरित क्रांति अभियान में 14500 सीड बॉल का बीजारोपण किया



**नीमच।** सीड बॉल हरित क्रांति अभियान के अंतर्गत कल 14,500, सीड बाल का बीजारोपण नीमच क्षेत्र में किया गया है जिसमें क्रमश: लगभग 4000 सीड बॉल (बीज की गेंद) जिसमें नीम,जामुन, पीपल, शीशम, इमली, चरल, आदि फलदार एवं छायादार पेड़ के सीड बॉल नीमच सिटी रोड मुक्ति धाम एवम आस पास के नाले नदी के किनारे के पास एवं कंटीली झाड़ियों के अंदर, मंदिर के बगीचे में, हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पूरे नीमच एवम आस पास के क्षेत्र में शुद्ध ऑक्सीजन फैलाने के लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं इस अभियान में सीड बॉल एवं छायादार फलदार पौधे बस स्टेंड मुक्ति धाम में लगाए इस अवसर पर वैकुंठ धाम निर्माण समिति के अध्यक्ष आतीश तोतला, राजेंद्र जारोली, प्रदीप खंडेलवाल,सुधीर अग्रवाल, पारस ओसवाल एवम मनोकामना महादेव मंदिर के अध्यक्ष शिव माहेश्वरी, दिलीप छाजेड़, प्रवीण शर्मा, प्रमोद शर्मा, लकड़ी मंडी साहिल शर्मा, गज्जू, शिव नारायण शर्मा, प्रकाश प्रजापत ,रमेश जायसवाल, सुरेश शर्मा, राकेश शर्मा,दिनेश शर्मा, घनश्याम महावार, मनोज राठौर, कन्हैयालाल कुमावत,वीरेंद्र सोनियाणा आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार हर्कियाखाल डेम पर 5500 सीड बॉल उगाएं। इस अवसर पर गुरुजी लक्ष्मी नारायण शर्मा हार्कियखाल बालाजी मंदिर वरिष्ठ समाजसेवी संतोष चोपड़ा नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा, पार्षद रामचंद्र धनगर आलोक सोनी, विनीत पत्नी रूपेंद्र लॉक्स ,अरुण प्रजापति दक्षिण मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर लकड़ी मंडी संघ अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा कोकु नगर पालिका अधिकारी टेकचंद महावीर जैन समस्त नगर पालिका स्टाफ उपस्थित था। इस अभियान में सभी वरिष्ठजनों ने टीम का उत्साह वर्धन किया। पौधारोपण एवं 5000 नीम जामुन इमली गुलमोहर खेजड़ी के सीड बॉल स्थापित करने का कार्यक्रम नीमच सिटी रामपुरा दरवाजा मुक्तिधाम पर किया गया जिसमें विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष विजय बाफना, लकड़ी मंडी अध्यक्ष गजेन्द्र शर्मा कोकू भईया,दीनदयाल मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, किशोर दास बैरागी,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, अशोक जी शर्मा पार्षद राकेश किलोरिया, रामचंद्र धनगर , विनीत जी पाटनी,घनश्याम शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रवीण अरौंदेकर, दीपक शर्मा एवं नीमच सिटी के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वन विभाग एसडीओ दशरथ अखण्डा, डिप्टी रेंजर रमेश प्रजापति, बाग बगीचा शाखा प्रभारी महावीर जैन उपस्थित थे। सभी पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## पर्यावरण मित्रों ने रोपित पेड़ पौधों की सुरक्षा हेतु किया श्रमदान




**नीमच।** पेड़ पौधे,जल जंगल और जमीन इस धरा के गहने है जो प्राणी जगत को जीवन जीने के लिए शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं, पेड़ पौधों से प्राणी जगत का विशेष लगाव है ये हमारे जीवन मित्र ही नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए अति आवश्यक भी है, वृक्ष है तो जीवन है वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं है इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच विगत 11 वर्षों से निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक चहुंओर पौधे रोपित कर पेड़ बनाने के कार्य में जुटी हुई है, संस्था संरक्षक इंजिंनियर नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा अब तक 60 हजार से अधिक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का काम किया है, संस्था सदस्यों द्वारा जो भी पोंधे रोपित किए जाते हैं उनकी पेड़ बनने तक देखभाल की जाती है, संस्था सदस्यों द्वारा गत वर्ष हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में 1251 से अधिक 60 प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए गए थे जो शत प्रतिशत जीवित है , संस्था सदस्यों द्वारा निरन्तर रोपित पोधो की सुरक्षा एवं देखभाल की जाती है, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि पर्यावरण की कमी से ही बढ़ते तापमान ग्लोबल वार्मिंग ग्लेशियरो का पिघलना , प्राकृतिक घटनाएं होना हमें यह सचेत करतीं है कि पर्यावरण की कमी से ही वायुमंडल दुषित हो रहा है, जिसके कारण प्राकृतिक विपदाए बढ़ रही है , समय रहते हम सभी को मिलकर इस धरा को हरा भरा बनाना है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को विरासत में सुखद जीवन जीने के लिए शुद्ध वातावरण मिल सके, हमें अधिक से अधिक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का संकल्प लेना चाहिए,

## वैष्णव बैरागी समाज द्वारा आयोजित हुआ प्रथम रक्तदान शिविर



**नीमच। वैंष्णव बेरागी समाज, जिला नीमच ने आज नगर में प्रथम रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाना और जरूरतमंद मरीज़ों की मदद करना।**

इस शिविर के विषय मे जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष मिडिया प्रभारी भानु प्रिया बैरागी ने बताया की शिविर रविवार को गायत्री मंदिर परिसर मे सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चला। शिविर मे विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ओर कांग्रेस जे जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती उपस्थित होकर समाज की इसलिए पहल के लिए आयोजनकर्ताओ को बधाई दी और रक्तदान की महत्ता पर अपने विचार रखे। समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल मिलाकर शिविर में 50 से अधिका संख्या में यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

आयोजकों ने सभी दाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे, ताकि समाज में रक्तदान की भावना और भी मजबूत हो सके। जिलाध्यक्ष सचिव फूलचंद बैरागी ने कगातार 27 वी बार रक्तदान करके समाजसेवा का पुनीत कार्यक्रम किया।

इस अवसर पर वैष्णव बैरागी समाज जिलाध्यक्ष नीमच के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बैरागी, सचिव फूलचंद बैरागी , जिलाध्यक्ष संरक्षक शिवप्रकाश जी बैरागी व महेश बैरागी पड़दा , तहसील अध्यक्ष सिंगोली भगवान दास बैरागी , नीमच तहसील अध्यक्ष डॉ.कमलेश बैरागी, जावद तहसील अध्यक्ष सुनील बैरागी आमलीभात, महिला संरक्षक तारा बैरागी, महिला जिलाध्यक्ष विद्या बैरागी व वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** नगरीय विकास मंत्री ने किया मनासा में विभिन्न 36 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन शिलान्यास एवं लोकार्पण

# देश एवं प्रदेश की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है : विजयवर्गीय




**नीमच।** देश एवं प्रदेश की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार ने स्थानीय निकायों के निर्वाचनों में महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिया है, परिणाम स्वरूप आज नगरीय निकायों में महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी काफी बढ़ी है। मनासा नगर पंचायत भी इसका एक उदाहरण है। यह बात प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को नगर पंचायत मनासा द्वारा द्वारकापुरी में आयोजित विभिन्न 36 विकास एवं निर्माण कार्यों के भूमि पूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू जिला पंचायत के अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, मंदसौर के पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, वंदना खंडेलवाल मनासा नगर परिषद की अध्यक्ष डॉक्टर सीमा अजय तिवारी, नीमच नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, श्री पवन पाटीदार एवं विभिन्न नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं पार्षदगण, पंचायत पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के गरीबों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध करने का काम किया है। उन्होंने देश को स्वच्छता का संदेश दिया है। श्री विजयवर्गीय ने उपस्थित जनों से मनासा को स्वच्छता में पहले नंबर पर लाने का आह्वान करते हुए कहा कि, बगैर जन सहयोग के स्वच्छता में नंबर वन नहीं आ सकते हैं । उन्होंने नागरिकों का स्वच्छता में नंबर वन आने में सहयोग का आह्वान भी किया। उन्होंने सरपंचों से भी अपने गांव को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। उन्होंने जन्नोद की महिला समूह की महिलाओं केक बनाने के कार्य और सिलाई प्रशिक्षण के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि, डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है पुलिस भर्ती में भी महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में भारतीय नारी को देवी माना जाता है।मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारू ने अपने उद्बोधन में कहा कि, प्रधानमंत्री जी ने देश को स्वच्छता का संदेश दिया है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता में प्रथम पुरस्कार हासिल किया है । आबादी के मान से नगर परिषद मनासा ने भी स्वच्छता में देश में छठा स्थान एवं प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।